## सार-समाचार

### भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा की बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा कार्यालय जालोर में भाजपा ओबीसी मोर्चा की नगर बैठक सोमवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओबाराम देवासी,ओबीसी मोर्चा के लोकसभा सयोंजक दिनेश महावर भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सोलंकी व ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष जोगेश सेन की अध्यक्षता मे रखी गई। जिसमें ओबाराम देवासी ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 मे हम सभी को राष्ट्र हित मे मतदान करना है व घर घर जाकर नरेन्द्र मोदी की योजनाओं को बताना है की 10 साल के भाजपा शासन मे देश ने बहुत उन्नति की है। नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने कहा की हमें शत प्रतिशत मतदान करवाना है और ओबीसी मोर्चा के जिला सम्मेलन के आयोजन को लेकर भी चर्चा की। इस बैठक मे युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी, सोशल मीडिया के जिला सयोजक चंद्रकांत सुन्देशा, नगर अध्यक्ष जोगेश सेन नगर,उपाध्यक्ष दिनेश प्रजापत, घनश्याम माली नगर मंत्री दुदाराम सुथार,सदस्य लक्ष्मन सेन, गणपत सेन,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष दिलीप भट्ट, हीरालाल देवासी, राजू परिहार, रतन सुथार, अचल सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। भगवान महावीर का जन्मोत्सव इस माह धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए भगवान महावीर जन्म कल्याणक समिति की तरफ से तैयारियां जोरों पर है। इसी कड़ी में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के कई युवाओं ने रक्तदान किया। समिति के कार्यकर्ता ने बताया कि भगवान महावीर के 2623 वें जन्म कल्याण दिवस पर आज श्री महावीर जैन नवयुवक मंडल एवं जन्म कल्याणक महोत्सव समिति द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर हेवी इंडस्ट्रीयल एरिया सिवांची भवन में रखा गया है। जिसमें सौ यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में महिलाओं को प्रेरित किया गया है। समिति द्वारा तय किया गया कि रक्त की कमी को पूरा करने लिए ज्यादा से ज्यादा रक्तदान किया जाए जिससे कि वह लोगों के काम आ सकें। महिलाओं द्वारा रक्तदान किए जाने पर उन्हें चांदी के सिक्कें प्रदान किए गए है। जिससे महिलाओं में रक्तदान को लेकर रूझान बढ़े।

### पहचान पर्चियां एवं निर्देशिकाएं बांटी

**बालोतरा**, (निसं)। पचपदरा सहायक निर्वाचक अधिकारी राजेश कुमार के निर्देशानुसार सोमवार को औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने की अपील के साथ मतदाता पहचान पर्चियां एवं निर्देशिकाओं का वितरण किया गया। स्वीप नोडल अधिकारी प्रभुराम चौधरी, स्वीप प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. रामेश्वरी चौधरी एवं स्वीप सहयोगी भंवराराम झुरिया ने सोमवार को बालोतरा लघु उधोग व्यापार मंडल से 26 अप्रैल, मतदान दिवस पर सुबह 7 से शाम 6 बजे तक बालोतरा औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने की अपील की गई। साथ ही उनसे आग्रह किया गया कि बालोतरा लघु उद्योग व्यापार मंडल अपने स्तर पर मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां करके लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभाएं। स्वीप नोडल अधिकारी प्रभुराम चौधरी ने बताया कि पचपदरा विधानसभा के सभी 253 बूथों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पहचान पर्चियां एवं निर्देशिकाओं का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान और लोकतांत्रिक प्र या को मजबूत करते हुए मतदाताओं को निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में मतदान सुनिश्चित करवाया जा सके।

### बजरंग बाग में सुंदरकांड पाठ किया

**पाली**, (नि.सं.)। भारत विकास परिषद एवं डायनामिक फ्रेंड्स ठ्ठुप पाली के तत्वाधान में नववर्ष एवं श्री राम नवमी के उपलक्ष में आयोजित उत्सव के तहत भव्य हनुमान चालीसा का पाठ बजरंग बाग मंदिर प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम संयोजक दिनेश पंवार ने बताया कि हनुमान चालीसा सहित भजनों की प्रस्तुति भार्वित पंवार, टैगोर शर्मा , अक्षय, उमेश शर्मा सहित कई कलाकारों ने दी एवं भक्तों को प्रभावना व सवामणि प्रसाद का वितरण भी किया गया। भारत विकास परिषद के सचिव नरेश मेहता ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि नववर्ष एवं राम नवमी हिंदू महोत्सव के तहत हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए विनय बंब , संदीप मेहता, नरेंद्र गुलेचा, जुगल दाधीच, विकास जैन, हसमुख गोयल, अंकित भंसाली, राजेश चौधरी, रामलाल चौहान, कृष्ण कांत केडिया सहित कई सदस्य लगे रहे।

### जुआ खेलने के 7 आरोपी गिरफ्तार

**बालोतरा**, (निसं)। जसोल पुलिस ने शुक्रवार-शनिवार की रात सी.ई.पी.टी ट्रीटमेंट प्लांट के पास बिठुजा सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों पर जुआ खेलते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कुन्दन कंवरिया ने बताया कि जिले में लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों के धर्मपुरी, पुत्र सावलपुरी, जाति गोस्वामी,खीमाराम, पुत्र कपुराराराम, जाति माली,मुकेश कुमार, पुत्र तेजाराम, जाति नाई,सुभाष, पुत्र अशोक, जाति माली,मुलतानमल, पुत्र गोरधनजी, जाति पालीवाल,रतन माली, पुत्र प्रेम जी, जाति माली, किशोर, पुत्र धनराज, जाति माली,इन आरोपियों के खिलाफ धारा 13 आरपीजीओ के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

### होम वोटिंग की सुविधा प्रशंसनीय : दवे

**रेवदर**, (कासं)। लोकसभा चुनावों को लेकर प्रथम चरण की होम वोटिंग शुरू हो गई है । रविवार से शुरू हुई होम वोटिंग के तहत निर्वाचन विभाग की टीमें घर-घर जाकर बुजुर्ग, दिव्यांग व विकलांग लोगों के खाट के पास ही वोटिंग एरिया बनाकर वोट करवा रहे हैं। प्रथम चरण के दूसरे दिन निर्वाचन विभाग की टीमें रेवदर कस्बे के जोशी वास स्थित कांतिलाल दवे के घर होम वोटिंग कराने के लिए पहुंची। इस दौरान 85 वर्षीय शिक्षाविद् कांतिलाल दवे ने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा काफी प्रशंसनीय है। बुजुर्ग एवं दिव्यांगों के लिए यह मतदान के अधिकार को सुनिश्चित करती है। इससे इस बुढापे में मतदान केंद्र तक जाने में हो रही समस्या से राहत मिली। कांतिलाल दवे ने टीम का आभार प्रकट करते हुए अपना वोट देकर लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान दिया।

### बांठिया ने मंत्री दक का स्वागत किया

**बालोतरा**, (निसं)। राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक देव दर्शन यात्रा के तहत विश्व विख्यात जैन तीर्थ नाकोड़ा में पूजा अर्चना कर देश मे अमन चैन की कामना की। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा पालक गणपत बांठिया ने बताया कि सोमवार को राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक देव दर्शन यात्रा के तहत विश्व विख्यात जैन तीर्थ नाकोड़ा में भगवान पार्श्वनाथ व भैरवदेव के दर्शन कर देश मे अमन चैन व खुशहाली की कामना की। बांठिया ने सहकारिता मंत्री गौतम दक का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने में मंदिर द्वारा करवाये जा रहे कार्यो की सहराना की।इस दौरान बांठिया से उन्होंने ने बाडमेर जैसलमेर बालोतरा लोकसभा क्षेत्र व जालोर सिरोही लोकसभा क्षेत्र के बारे में चर्चा की।

### मतदान केन्द्रों पर मिलेगी मेडिकल सुविधा

**बालोतरा**, (निसं)। लोक सभा चुनाव 2024 के मध्यनजर जिले में द्वितीय चरण में 26 अप्रेल 2024 को मतदान किया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह चांदावत ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार जिले में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं की सुविधा हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 26 अप्रैल 2024 को मेडिकल किट की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी। जिसमें ओआरएस एवं आवश्यक दवाईयां शामिल है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मेडिकल किट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### द्वितीय प्रशिक्षण स्थगित करने की मांग

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिला संरक्षक दलपत सिंह आर्य ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन भेज कर 17 अप्रैल रामनवमी के दिन होने वाले लोकसभा चुनाव के द्वितीय प्रशिक्षण को स्थगित कर अन्य दिवस में आयोजित करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दलपत सिंह आर्य ने ज्ञापन में लिखा है कि 17 अप्रैल को हिंदुओं के आराध्य देव रामजी की राम नवमी का उत्सव है। इस कारण अधिकांश कार्मिकों के उपवास व अन्य कर्म में शामिल होकर अपने आराध्य देव का वन्दन करेंगे। इसलिए इस दिवस को छोड़कर अन्य दिवस मे प्रशिक्षण आयोजित कर राहत प्रदान करावे।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र देश को पीछे ले जाने वाला : गर्ग

**जालोर**, (कासं)। जालोर विधायक व विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र देश को पीछे ले जाने वाला है। जबकि भाजपा का संकल्प पत्र देश को आगे बढ़ाने वाला है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण की नीति बनाई है। यह बात मुख्य सचेतक गर्ग ने सोमवार को भाजपा के लोकसभा प्रबंधन कार्यालय जालोर में प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी है। संकल्प पत्र का उदेश्य विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ, युवा, नारी, गरीब, किसान को सशक्त करता है। गुड गवर्नेस , डिजिटल गवर्नेस और डेटा गवर्नेस के लिए देश में आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर्स तैयार होंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है। गरीबो के लिए मुफ्त राशन योजना 2029 तक देने का वादा , सत्तर साल से अधिक उम्र के बुजुर्गो को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रूपये तक मुफ्त इलाज के साथ जन औषधि केन्द्रो का विस्तार किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि मुद्रा योजना के तहत लोन की सीम बीस लाख रूपये की जायेगी। गरीबों को तीन करोड़ घर देने, एक राष्ट्र, एक चुनाव और सामान्य मतदाता सूची प्रणाली शुरू की जायेगी। वही दिव्यांग जनो को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जायेगीं।



**जालोर में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भाजपा के संकल्प पत्र की जानकारी प्रेस को दी।** फोटो-राष्ट्रदूत

भाजपा सहकारिता नीति लेकर आयेगी। पाईप से सस्ती रसोई गैस घर घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियो को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रोग्राम शुरू किये जायेंगे। उन्होने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में जनजातिय गौरव दिवस मनाने, वन उपज स्टाट्रअप को बढावा, प्राकृतिक खेती पर बल, सोशल फिजिकल और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जायेगा। देश के चारो कोने में बुलेट ट्रेन चलाने के साथ वंदे भारत का विस्तार किया जायेगा। भारत को दुनिया के हर उभरते सेक्टर का ग्लोबल हब बनाने का संकल्प है। वहीं पीएम स्व निधि योजना का विस्तार करते हुए पचास हजार रूपये का लोन की लिमिट को बढाया जायेगा।

उन्होंने बताया कि भाजपा का लक्ष्य है कि करोड़ों घरों में बिजली बिल शून्य करने के लिए पीएम सूर्यघर योजना के तहत सौर ऊर्जा के सोलर पैनल लगाये जायेगे। मोदी की गांरटी शब्द कांग्रेस से चुराया हुआ है के प्रश्न पर गर्ग ने कहा कि गांरटी शब्द कांग्रेस की देन नहीं है, ना ही कांग्रेस से चुराया है, उल्टा कांग्रेस ने हमारी कई बूथ कार्यकर्ता, बूथ प्रशिक्षण जैसे कार्य को चुराया है।

इस दौरान प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, दीपसिंह धनानी, लोकसभा क्षेत्र प्रचार प्रभारी डिम्पल सिंह मौजूद थे।

# अमरचंद व उषा बी.जे.एस. के नये अध्यक्ष बने



**भारतीय जैन संघटना पाली चेप्टर की दो वर्ष की नई कार्यकारिणी गठित की।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। भारतीय जैन संघटना (बी.जे.एस.) पाली चेप्टर की दो वर्ष के लिए नयी कार्यकारिणी गठित की गई।

वर्तमान सचिव बसंत सोनी मण्डिया ने बताया कि श्री गुरू पुष्कर जैन साधना केन्द्र में आयोजित सभा में अध्यक्ष रमेशचंद बरड़िया ने दो वर्ष के कार्यकाल में हुये कार्यों की जानकारी दी तथा सहयोग के लिये सभी का आभार ज्ञापित किया। बरडिया ने आगामी 2 वर्षों के लिए नये पद पर अमरचंद बोहरा अध्यक्ष, बसंत सोनीमण्डिया सचिव, महिला विंग में उषा अखावत अध्यक्ष, दीपमाला सिंघवी को सचिव के नाम के घोषणा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नेमीचंद चौपड़ा ने अध्यक्ष व सचिव को पद की शपथ दिलाई।

श्री संघ सभा अध्यक्ष आनंदराज गांधी ने नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। समाजसेवी रमेशचंद मरलेचा और सुकनराज संचेती ने सभी को बधाई दी। सचिव बसंत सोनी मण्डिया ने बताया कि नई कार्यकारिणी पाली चेप्टर कोर कमेटी में राजकुमार मेडतिया उपाध्यक्ष, गौरव सालेचा, मनोज नाबरिया को सह सचिव, राजेश मरलेचा कोषाध्यक्ष, विनोद लुंकड सहकोषाध्यक्ष, पीयूष चोपड़ा संगठन मंत्री, रमेशचंद बरडिया निवर्तमान अध्यक्ष, मूलचंद संकलेचा प्रशासनिक प्रभारी, नरेश मेहता जल प्रभारी, लवकेश कोठारी भ्रमण प्रभारी, राजेन्द्र जैन स्मार्ट गर्ल प्रभारी, चिराग कोठारी स्मार्ट कपल प्रभारी, जितेश बडेरा, सांस्कृतिक प्रभारी, राजु नाहर परिचय सम्मेलन प्रभारी, सदस्य कल्पेश सेमलानी, विशाल पारख, मोक्ष कोठारी को मनोनीत किया गया। वही महिला विंग कोर कमेटी में रितू मेहता, सपना छाजेड उपाध्यक्ष, तृप्ति जैन, भानु सुंदेचा सहसचिव, अनु तलेसरा कोषाध्यक्ष, पूर्णिमा चौपडा सहकोषाध्यक्ष, कल्पना बरडिया संगठन मंत्री, आशा कोचेटा सांस्कृतिक प्रभारी, शर्मिला तलेसरा भ्रमण प्रभारी, अनुजा अखावत स्मार्ट गर्ल प्रभारी, बाल संस्कार प्रभारी चारू चौपडा, शालू मेहता पर्यावरण प्रभारी, संगीता सोनीमण्डिया धार्मिक उत्सव प्रमुख, प्रियंका चौपडा संस्था समन्वय प्रभारी, अल्का जैन बधाई संदेश प्रभारी को मनोनीत किया गया सचिव बंसत सोनीमण्डिया ने दो वर्ष के कार्यों की प्रतिवेदन व आय-व्यय का विवरण पेश कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नेमीचंद अखावत, पदमचंद ललावणी, पुखराज लसोड, शिवराज बोहरा, चन्दूसा कर्नावट, रवि बरडिया, मनीष बोहरा आदि मौजूद थे।

### बूथ को मजबूत करें : गर्ग

**जालोर**, (कासं)। भाजपा नगर मंडल जालौर की बैठक सोमवार को लोकसभा चुनावों को देखते हुए चुनाव कार्यालय में आयोजित हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा बैठक के संबंध में नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर ने बताया कि भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय जालोर में भाजपा नगर मंडल जालौर की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि की नाते मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की। बैठक में जोगेश्वर गर्ग ने सभी बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र संयोजकों से अपने-अपने बूथों में चुनाव को लेकर किए गए कार्यों की समीक्षा की।

इसके साथ ही उन्हें निर्देश दिए गए कि शीघ्र ही अपने-अपने बूथों को मजबूत करने के लिए घर घर संपर्क करें। वह उन्हें मोदी जी की तरफ से राम-राम कहें।

साथ ही भाजपा के पक्ष में अधिक अधिक मतदान की अपील करें। नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने कहा कि सभी अपने-अपने बुथ स्तर के शेष रहे कार्यो का कार्य विभाजन कर रचना बनाने की बात कही।

बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक छगनदास रामावत, इंद्र मल गर्ग, डिंपल सिंह, अशोक सुंदेशा, बूथ अध्यक्ष अमन मेहता, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, मोहन माली, अशोक गुर्जर, दिनेश महावर, रतन सुथार, महेंद्र प्रजापत, अचल सिंह परिहार, हीराराम देवासी, भंवर सिंह बंजारा, चतराराम गहलोत, गोविंद माली, योगेश खत्री, दिनेश बारोट, गोविंद भील, रवि सोलंकी, दिलीप भट्ट, राजेंद्र टांक, महेश भट्ट, सहित कई पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि कार्यकर्ता व उपस्थित थे।

### हाई कोर्ट सहायक रजिस्ट्रार के हाथ से पर्स लूटा

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट की सहायक रजिस्ट्रार के हाथ से बाइक सवार दो बदमाश पर्स लूट कर ले गए। पर्स में 20 हजार रूपए, डेढ़ तोला वजनी सोने का हार, मोबाइल और घर की चाबियां थी।

घटना शनिवार की रात में पांचवीं रोड पर हुई। इस बारे में प्रतापनगर सदर थाने में लूट का प्रकरण दर्ज कराया गया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से लुटेरों की तलाश में लगी है।

बी-8 मॉडल टाउन चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी हर्षित व्यास पुत्र जितेंद्र व्यास की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि उसकी माताजी सीमा व्यास हाईकोर्ट में सहायक रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत है। शनिवार की रात में वह अपनी देवरानी संग दोहिते के नामकरण समारोह में जा रही थी। यह लोग स्कूटी पर सवार थे। जब पांचवीं रोड पर पहुंचे तब एक बाइक पर दो बदमाश आए और उसकी माताजी के हाथ से पर्स झपट कर ले गए। बाइकर सवारों का पीछा भी किया गया मगर वे ओझल हो गए।

पर्स में बीस हजार की नगदी, डेढ़ तोला का हार, मोबाइल और घर की चाबियां रखी हुई थी। प्रतापनगर सदर पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान के साथ तलाश में लगी है।

# नंदनवन शाखा की सभा एवं शपथ समारोह संपन्न



**भारत विकास परिषद् नंदनवन शाखा जोधपुर की प्रथम आम सभा एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ।**

**जोधपुर**, (कासं)। स्वास्थ्य साधना केंद्र, प्रथम पुलिया, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर स्थित ऑडिटोरियम मे भारत विकास परिषद, नंदनवन शाखा, जोधपुर की इस वर्ष की प्रथम आम सभा एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समारोह का आगाज दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक राष्ट गीत गायन के साथ हुआ। मंचासीन अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा, प्रांतीय संगठन मंत्री गिरीश लोढा एवं प्रांतीय वित्त सचिव रामकिशन भूतडा का अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया गया।

अगली कडी मे शाखा के नवनिर्वाचित शैलेश माहेश्वरी को अध्यक्ष, राजेंद्र कुमार मोदी को सचिव, राजेश मेहता को कोषाध्यक्ष दायित्व के साथ समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा द्वारा कार्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

इस सत्र में परिषद् से जुडे 40 नए सदस्यों को भी सपत्नीक अंगवस्त्र, परिषद का लोगो पहना कर एवं ब्राउचर देकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर सभी को शाखा अध्यक्ष श्री शैलेश महेश्वरी द्वारा शपथ दिलवाई गई। आम सभा में 220 सदस्यों की उपस्थिति रही। मातृशक्ति की बडी संख्या में उपस्थिति के लिए उनका आभार प्रकट किया।

शाखा सचिव राजेंद्र कुमार मोदी द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान शाखा द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों को स्लाइड शो के माध्यम से अवगत कराने के साथ आने वाले वर्ष के शाखा के लक्ष्यों के बारे में सभा को अवगत कराया। शाखा कोषाध्यक्ष राजेश मेहता द्वारा वर्ष 2023-24 का ऑडिटेड चिट्ठा एवं आय व्यय का विवरण सभा के पटल पर रखा जिस पर सभा ने इसका अनुमोदन किया।

उद्बबोधन मे प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा ने सेवा, समर्पण, संस्कार, संपर्क और सहयोग पर बल दिया। उपस्थित सदस्यों से अपनी जीवन शैली में नियमों का दृढता से पालन करने पर जोर दिया।

एनीमिया मुक्त भारत, पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक उन्मूलन प्रोग्राम पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## सार-समाचार

### राज गणगौर की शाही सवारी आज

**जोधपुर**, (कासं)। किले के नागणेच्या माताजी के मंदिर में श्री राज गणगौर की सवारी हमेशा की तरह खासे में सज-धज कर जुलूसी धमाकों के साथ लवाजमा एवं ढोल-ढमाके के साथ फतेहपोल से 16 अप्रेल को शाम छह बजे निकलेगी। बाड़ी के महलों में राजपुरोहित व राज व्यास परंपरागत श्री गणगौर माताजी की पूजा करके महलों से विदा करेंगे। विदा करने से पहले दोनों गणगौर प्रतिमाओं की परिक्रमा व पूजा अर्चना करेंगी। पूर्व महारानी की गणगौर बाड़ी के महल में विराजमान रहेगी, जहां नृत्य, गणगौर गीत गायन के साथ राज गणगौर की सवारी को राणीसर तालाब से जल अर्पण एवं पूजन हेतु खासे में विदा किया जाएगा। खासे को पूरबियों की वेषभूषा में सफेद जामा केसरिया पगड़ी और कमरबंद बांधे हुए पालकी वाहक खासे को कंधे पर उठा कर विदा होंगे। खासे लवाजमें के प्रतीक किरणिया, त्रिशूल, थम्भ, महिमरातिब, छंवर, सोने चांदी की छडि़या धारण किए हुए छड़ीबरदार और जलूस के अठा भाग में राज अनुष्ठान घोड़े पर मारवाड़ का पचरंग का निशान फहराया जाएगा। गीतेरणीया प्रसाद के थाल लेकर साथ चलेगी। जुलूस के अंत में कोतल घोड़े, सूतरी नगाड़ा व नोबत ऊंट पर होगी। जूलूस में मेहरानगढ़ बैण्ड राजस्थानी गीतों की धुन बजाते हुए चलेगा। फतेहपोल पर गणेश पूजन के पश्चात् सवारी का स्वागत मौहल्ला विकास समितियों एवं मौहल्ला समिति के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।

### मगरीवाड़ा व पादर में निरीक्षण किया

**रेवदर**, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) सिरोही व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जिला स्वीप नोडल अधिकारी) जिला परिषद के आदेशों की अनुपालना व सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) रेवदर सुबोध सिंह चारण के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र रेवदर-148 के मगरीवाड़ा व पादर ग्राम पंचायत में मुख्य बाल विकास अधिकारी घेवर राठौड़ ने निरीक्षण किया। उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी मनोज नालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को मुख्य बाल विकास अधिकारी घेवर राठौड़ ने मगरीवाड़ा व पादर पंचायत के मतदान केंद्रों पर उपस्थित बीएलओ से प्रवासी वोटर्स की जानकारी लेकर आगामी 26 अप्रैल को होने जा रहे लोकसभा आम चुनाव में अधिकाधिक मतदान करवाने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों से आगामी 26 अप्रैल को अधिकाधिक मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की भी अपील की गयी। इसके बाद सीडीपीओ द्वारा दोनों पंचायत में स्वीप कार्यक्रम की बैठक ली गयी जिसमें स्वीप गतिविधियों के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देश दिए गए। स्वीप बैठक में दोनों ग्राम पंचायतों के पीईईओ, सुपरवाइजर्स, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी आदि मौजूद रहे। जानकारी उपखण्ड कार्यालय रेवदर के मीडियापर्सन मनोज नालिया द्वारा दी गयी।

### सुविधा केंद्रों के अधिकारियों को प्रशिक्षण

**जालोर**, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर सुविधा केन्द्र संचालन के लिए नियुक्त पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण सोमवार को जिला परिषद सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण प्रभारी व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर पोस्टल बैलेट जारी करवाने व ईडीसी वितरण को लेकर की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में पोस्टल बैलेट व ईडीसी द्वारा मतदान करवाये जाने को लेकर फैसिलेशन सेंटर बनाये गये हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षण के सहायक प्रभारी जगदीश रामावत व श्रीराम गोदारा, प्रशिक्षण देने वाले डीएलएमटी, एएलएमटी तथा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर महिला, युवा व दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्रों पर नियुक्त पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का विधानसभावार प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में महिला, युवा व दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्रों पर उत्साहपूर्वक मतदान करवाये जाने को लेकर मतदान केन्द्रों को विशेष तरह से सुसज्जित करने के निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि प्रत्येक विधानसभा में 8-8 महिला व युवा प्रबंधित व 1 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।

### अमरनाथ महादेव मंदिर में प्रतिष्ठा हुई

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के अमरनाथ नगर में नवीनतम अमरनाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को सुबह 9:15 बजे संतें के सानिध्य में ढोल नगाड़ा के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस अवसर पर कुंभलगढ़ के महंत अवधेश चैतन्य महाराज, निर्मल राम जी महाराज, कान दास जी महाराज के सानिध्य में मंदिर के शिवलिंग की प्रतिष्ठा लाभार्थी मीठालाल सोनी देवी लाल सोनी परिवार के हाथों पंडित नवीन तिवारी ने करवाई। नंदी महाराज, गणेश शिव पार्वती हनुमान जी राम दरबार आदि प्रतिमाओं का भी प्रतिष्ठा की गई। मंदिर शिखर की प्रतिष्ठा हुई। अमरनाथ नगर के लोगों ने पुष्प वर्षा की व ढोल थाली पर नृत्य भी किया। हवन बेदी पर मंत्र द्वारा पूर्ण आरती की गई। उसके बाद फले चुनरी ढोल थाली के साथ भवरलाल बोराना, शगुन राज गहलोत परिवार प्रसादी लेकर मंदिर पर भोग चढ़ाया।महाप्रसादी का आयोजन किया। इस अवसर पर विधायक भीमराज भाटी, पार्षद दिलीप चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे। व्यवस्था में अरुण दवे, हरिओम शास्त्री, पन्नालाल जी मेवाड़ा, नवरत्न, अमन सोनी जय सिंह सोकड़ा,जयप्रकाश देवड़ा ओमप्रकाश, प्रकाश गोविंद वैष्णव आदि का सहयोग रहा।

### शत प्रतिशत मतदान का अभियान जारी

**गुड़ामालानी**, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र गुड़ामालानी में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप एवं मीडिया प्रकोष्ठ विधानसभा क्षेत्र गुड़ामालानी के प्रभारी हरमनराम विश्नोई विकास अधिकारी पं.स. गुडामालानी ने बताया कि मतदाता जागरूकता एवं महिला मतदान प्रतिशत बढाने को लेकर सोमवार को आंगनवाडी केन्द्र,पोस्ट ऑफिस, बस स्टेंड आम चौराहा गुडामालानी पर मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढाने के लिए मेंहदी प्रतियोगिता, पोस्टर चस्पा, रंगोली आदि कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदान करने में जनता ज्यादा से ज्यादा मतदान करने कि अपील की । स्वीप टीम ने निर्वाचन विभाग के विभिन्न एप्स वोटर हेल्प लाईन एप, सी-विजिल, सक्षम ईसीआई के संबंध में जानकारी दी गई । तथा मतदान दिवस और मतदान समय को बताते हुए शत प्रतिशत मतदान का संकल्प करवाया गया। कार्यक्रम में स्वीप टीम के हरमन विश्नोई विकास अधिकारी,मुकनाराम सहायक विकास अधिकारी,देवराज शर्मा,महादेव सहायक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मतदान करने के संकल्प पत्र भरवाये

**जालोर**, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान स्वीप गतिविधि के तहत विद्यालय व महाविद्यालय स्तर पर ईएलसी क्लब द्वारा 12 से 15 अप्रेल तक मतदाता जागरूकता के लिए विद्यार्थियों के माध्यम से अभिभावकों को 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर अवश्य मतदान करने के लिए संकल्प पत्र भरवाये गये। गतिविधि प्रभारी प्रियंका शर्मा ने बताया कि स्वीप के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर में विद्यार्थियों के माध्यम से अभिभावकों से 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर मतदान करने के संकल्प पत्र भरवाये गये। प्रधानाचार्य चैनकरनसिंह करणोत ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों से मतदान संकल्प पत्र भरवाने के लिए संकल्प पत्र प्रदान किए गए। अभिभावकों ने विद्यार्थियों के आग्रह पर मतदान करने का संकल्प लिया ।

### केमिस्ट बंधुओं का मिलन समारोह हुआ

**जालोर**, (कासं)। ओटीसी कम्पनी की ओर से सोमवार को जालोर के अग्रवाल पंचायत भवन में जालोर जिले के सभी केमिस्ट बंधुओ का मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शिवगंज के वरिष्ठ केमिस्ट डॉ चंद्र कांत सोलंकी थे । विशिष्ट अतिथि महेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ केमिस्ट व जालोर कैमिस्ट एसोसिएशन के सचिव हीराचन्द भंडारी, रमेश पुरोहित ने संबोधित किया। समारोह के अंत में कम्पनी के डिस्ट्रिबूटर भगवान राम सुन्देशा ने धन्यवाद दिया।

### सतरंगी सप्ताह 17 से

**जालोर**, (कासं)। जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता के लिए 17 से 23 अप्रेल तक सतरंगी सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जायेगा। स्वीप के प्रभारी अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने यह जानकारी दी।